# राष्ट्रीय कृषि विकास योजना

RKVY योजना राज्यों को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में पब्लिक इन्वेस्टमेंट बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती है। RKVY के तहत, राज्यों को उनकी आवश्यकता, प्राथमिकताओं और एग्रो क्लाइमेट आवश्यकताओं के अनुसार योजना के तहत प्रोजेक्ट/प्रोग्राम के चयन, योजना अप्रूवल और एक्सेक्युशन के लिए छूट और ऑटोनोमी प्रदान की गई है।

**उद्देश्य:**

- जिले और राज्यों के लिए कृषि योजना तैयार करने का आश्वासन देना।
- उपज अंतराल को कम करना।
- किसान को अधिकतम लाभ देना और
- कृषि संबद्ध क्षेत्रों में उत्पादन में मात्रात्मक परिवर्तन करना।



# RKVY के तहत फोकस के क्षेत्र

- मोटे अनाज, मोटे बाजरा और दालों सहित खाद्य फसलों का इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट करना।
- कृषि मशीनीकरण करना।
- मृदा स्वास्थ्य और प्रोडक्टिविटी बढ़ाने का प्रयास करना।
- रेनफेड फार्मिंग सिस्टम का विकास करना।
- इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट करना।
- एक्सटेंशन सर्विसेज को प्रमोट करना।
- हॉर्टिकल्चर करना।
- पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन करना।
- रेशम के कीड़ों का पालन करना।
- किसानों के अध्ययन टूर करवाना।
- आर्गेनिक एंड बायो- फ़र्टिलाइज़र का उपयोग करना।
- इनोवेटिव स्कीम्स लाना।

